## खबर संक्षेप

### अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक



**उमरिया।** जिले के चंदिया थाना अंतर्गत हाइवे स्थित दुब्बार के करीब कोयले से भरा अनियंत्रित ट्रक पलट गया है, इस हादसे में चालक एवं क्लीनर बाल-बाल बच गए। बताया जाता है कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक एमपी 65 जीए 0597 कोयला लोड कर शहडोल से कटनी जा रहा था, जैसे ही उक्त ट्रक घटना स्थल के करीब पहुंचा, वैसे ही विपरीत दिशा से दूसरा अनियंत्रित बल्कर वाहन आ रहा था, इसी वाहन को बचाने के चक्कर मे ट्रक अनियंत्रित हुआ और हादसे का शिकार हुआ है। इस मामले में (शहडोल) जैतपुर निवासी चालक रामचन्द्र सिंह ने बताया कि कोहरे की वजह से सड़क मार्ग नहीं दिख रहा था, शायद इसी वजह से विपरीत दिशा से आ रहा वाहन अनियंत्रित हुआ, जिसे बचाने के चक्कर में हमारा ट्रक पलटा और दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

### विश्वविद्यालय में हुआ साधना क्लब का गठन



**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय द्वारा साधना क्लब का गठन किया गया। क्लब का उद्घाटन विश्व विद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर द्वारा किया गया। क्लब में विश्वविद्यालय के सभी संकाय के विद्यार्थी एवं प्राध्यापकों ने सहभागिता ली। कुलगुरु ने अध्यात्म एवं ध्यान का महत्व बताया एवं प्रयोगिक रूप में भी ध्यान मुद्रा की गयी। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि किसी भी मनुष्य का सभी बाहरी कार्यों से विरक्त होकर किसी एक कार्य में लीन हो जाना ही ध्यान है, ध्यान एक क्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने मन को चेतना की एक विशेष अवस्था में लाने का प्रयत्न करता है, इसमें मन को विशान्ति देने की सरल तकनीक से लेकर आन्तरिक ऊर्जा या जीवन-शक्ति (की, प्राण आदि) का निर्माण तथा करुणा, प्रेम, धैर्य, उदारता, क्षमा आदि गुणों का विकास आदि सब समाहित हैं। साधना क्लब की संयोजक डॉ. सुनीता वाथरे ने बताया कि किसी भी मनुष्य का सभी बाहरी कार्यों से विरक्त होकर किसी एक कार्य में लीन हो जाना ही ध्यान है ध्यान करने से आत्मिक तथा मानसिक शक्तियों का विकास होता है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी, साधना क्लब के सदस्य सहायक प्राध्यापक डॉ.सौरभ शिवा, डॉ. अंजनी सूर्यवंशी, डॉ. सिधार्थ मिश्रा, डॉ. प्रज्ञा यादव, डॉ. धानी जमोद, डॉ. गीता सराफ़, डॉ. संगीता धुर्वे, डॉ. जितेंद्र सेन, डॉ. संजली गुप्ता, डॉ. संस्तुति पांडे, श्रीमति अर्चना विश्वकर्मा एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### महिला की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम तामन्नारा स्थित सिद्ध बाबा के पास अनियंत्रित कार के पेड़ से टकराने की खबर है। इस दर्दनाक हादसे में 26 वर्षीय अज्ञात महिला की मौत हो गई। हलांकि इस हादसे में चालक के पैर में मामूली चोटे है, फिलहाल वो सुरक्षित है। बताया जाता है कि महिला कार से जबलपुर जा रही थी, घटना किन कारणों से हुई है फिलहाल यह साफ नहीं हुआ है। हादसे के बाद महिला के शव एवं चालक को जिला चिकित्सालय में लाया गया है।

### जेसीबी से बंद कराई गई तीन खदानें

**शहडोल।** अमलाई थाना क्षेत्रांतर्गत 30 दिसम्बर की रात्रि सूचना प्राप्त हुई कि अमलाई क्षेत्रांतर्गत ग्राम टिकुरी टोला में कुछ व्यक्ति बंद पड़ी खुली खदानों में घुसकर जान जोखिम में डालकर अवैध रूप से कोयला चोरी करते हैं। बंद पड़ी खदान होने से आमजन के जान-माल की खतरे की आशंका है।

# चार जिले का प्रभार सम्हाल रहे उपसंचालक

## जैसे-तैसे चल रहा नगर निवेश कार्यालय

### 20 के विरुद्ध मात्र 3 कर्मचारी, रिक्त पदों की भर्ती नहीं

शासन अपने ही कार्यालयों के कामकाज को लेकर गंभीर नहीं है, यहां उसके कार्यालयों में स्टाफ की भारी कमी है। सरकार के दफ्तरों में कुत्ता घसीटी की तर्ज पर जैसे तैसे काम चलाया जा रहा है। संभाग मुख्यालय में संचालित नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय इसी तरह का है। यहां स्वीकृत 20 पदों के विरुद्ध मात्र 3 नियमित कर्मचारी काम कर रहे हैं। अधिकारी अन्य जिले से यहां विजिट पर आकर काम करते हैं।



शहडोल।

जनसुविधाओं एवं शासकीय कार्यों के सुचारु संचालन के लिए शासन ने कार्यालय तो संचालित कर दिए हैं, लेकिन स्टाफ बिना कार्यालयों का ढांचा ही ठीक से खड़ा नहीं हो पा रहा है। नाममात्र के स्टाफ से शासन काम करा रहा है जिससे जनता को सुविधाएं मिलने में तो कठिनाइयां आती ही हैं शासन का काम भी केवल घिसटता रहता है। कुछ कार्यालय तो ऐसे हैं जहां अमले की हालत देखी जाए तो कार्यालयों का संचालन महज विनोद का विषय प्रतीत होता है। संभाग मुख्यालय में संचालित नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय इसी तरह का है। जहां कार्यालय प्रमुख प्रभार पर होने के कारण किसी अन्य जिले से दफ्तर चला रहे हैं।

#### स्वीकृत कर्मचारियों का खाका

उप संचालक कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश शहडोल के लिए मध्यप्रदेश की विभागीय संरचना 11 मार्च 2022 के अनुसार 20 पद स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें नगर नियोजक 1 पद, सहायक नगर नियोजक के 2 पद, वास्तु मानचित्रकार (भौगोलिक सूचना प्रणाली) जीआईएस के 2 पद, सहायक वास्तु मानचित्रकार (भौगोलिक सूचना प्रणाली) जीआईएस के 2 पद, उपयंत्री के 4 पद, स्टेनोटायपिस्ट 1 पद, सहायक अधीक्षक 1 पद, सहायक ग्रेड-1 के 2 पद, सहायक ग्रेड-2 के 1 पद, सहायक ग्रेड-3 के 2 पद, वाहन चालक का 1 पद एवं भृत्य का 1 पद है।

#### प्रभार पर चल रहे दफ्तर

इस कार्यालय में कई वर्षों पूर्व उपसंचालक के पद पर अधिकारी पदस्थ थे। लेकिन उनके जाने के बाद यहां कोई अधिकारी पदस्थ नहीं किया गया। यह दफ्तर अब प्रभार पर चल रहा है। किसी अन्य जिले में बैठे नागेश पन्द्रो यहां के अधिकारी हैं जो सप्ताह के एक दिन यहां की विजिट कर कामकाज देख रहे हैं। यही नहीं उनके पास शहडोल के साथ डिण्डौरी, उमरिया, अनूपपुर चार जिले के भी प्रभार हैं। यह दफ्तर किस तरह चलते होंगे यह सहज ही अनुमानित है। इससे अधिक हास्यास्पद स्थिति और क्या हो सकती है भला। विजिट में आए अधिकारी कुछ घण्टे दफ्तर को देकर कितना अच्छे ढंग कार्य कर पाते होंगे यह समझा ही जा सकता है।

#### खाली पड़े डेढ़ दर्जन पद

कार्यालय प्रभारी के अलावा उप संचालक कार्यालय शहडोल में ईश्वर मनि सोनी वरिष्ठ भू-तमनीकी मापक, जीवनलाल बैगा सहायक ग्रेड-3, प्रकाश तिवारी संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुखदेव बैगा संविदा भृत्य कार्यरत हैं। उप संचालक कार्यालय में 3 कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है। इसके अलावा कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य संविदा पर हैं। जबकि 11 मार्च 2022 के अनुसार जो 20 पद स्वीकृत किए गए है उनके विरुद्ध मात्र तीन कर्मचारी काम कर रहे हैं, जबकि 17 पद खाली पड़े हैं।

# झूला पुल के तालाब रखरखाव बिना हो गए प्रदूषित



शहडोल।

नगरपालिका ने नगरीय विकास का वह स्वरूप तैयार नहीं किया जिसकी नगर को आवश्यकता है। आज करोड़ों के लागत से बायपास रोड का नवीनीकरण कराया जा रहा है लेकिन नगर के अंदर की सड़कें व तालाब उपेक्षित पड़े हैं। नगरपालिका ने अब तक झूला पुल के तालाबों की न तो साफ सफाई कराई है न पुल व सड़क का जीर्णोद्धार कराया है। शहर के 19 तालाबों का जीर्णोद्धार कराया जाना था, लेकिन उनके सौंदर्यीकरण के नाम पर केवल दो चार तालाबों को छोड़कर किसी तालाब का सौंदर्यीकरण नहीं कराया गया है। नगरपालिका से कई बार झूला पुलों के मरम्मत की चर्चा की गई और सड़क के जीर्णोद्धार की मांग की गई लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।

झूला पुल के तालाबों से सड़ांध उठ रही है उनके पानी से पूरे बस्ती का वातावरण दूषित हो रहा है। नगरपालिका ने दो वर्ष पूर्व तालाबों की सफाई के लिए निर्णय लिया था लेकिन सफाई नहीं कराई गयी। बस्ती का गंदा पानी इसी तालाब में बहाया जाता है। जिससे तालाब बुरी तरह दूषित हो चुका है। नगरपालिका ने बस्ती के गंदे पानी के निकासी के लिए तालाब के बगल से एक नाला भी बनवाया था। लेकिन उस नाले की सफाई नहीं कराई जाने से वह भी भठ गया है। नगरपालिका की सफाई व्यवस्था काफी लचर है। नाला भठ जाने के कारण बस्ती की नालियों का पानी तालाब में घुसने लगा है। जिससे तालाब दूषित हो चुका है। झूला पुल की मरम्मत नहीं होने से उनकी हालत अब खस्ता हो चुकी है। पुल के फर्श उखड़ने लगे हैं। आगे की सड़क भी जर्जर हो चुकी है। यहां से दिनरात रेत से लदे ट्रक आवाजाही करते हैं, भारी भरकम मिक्सर मशीने ले जाई जातीं हैं। जब ऐसे भारी वाहन पुल से गुजरते हैं तो उसमें कंपन सी होती है। यहां से भारी वाहनों की आवाजाही भी नहीं रोक रहे हैं। पूर्व में नगरपालिका आश्वासन दे रही थी कि सड़क और पुल का ठेका दिया जा रहा है। जल्द ही टेण्डर किए जाएंगे अब नगरपालिका सब भूल गई है। उसे इस रोड पर शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार है।




# यात्री बसों किया गया औचक निरीक्षक

शहडोल।

पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन पर सिटी पुलिस द्वारा यात्री बसों की चेकिंग एवं कार्यवाही हेतु विशेष मुहिम चलायी जा रही है। इसके तहत 30 दिसमबर को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग लगायी जाकर बसों का औचक निरीक्षण किया गया। पुलिस के द्वारा बसों की फिटनेस, बीमा सर्टिफिकेट, आपातकालीन दरवाजे, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट-एड बॉक्स, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्रायवरों की निर्धारित वर्दी आदि की जांच की गई। पुलिस द्वारा लगभग 102 बसों के दस्तावेजों की जांच की गई एवं बसों का निरीक्षण किया गया। 35 बसों में निर्धारित मापदंडो के अनुरूप कमियां पायी गई उन बसों पर चालानी कार्यवाही की जाकर 26,500 रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। पुलिस के द्वारा बस संचालको एवं ड्रायवरों को यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से पालन करने हेतु समझाइस दी गई।

# अवैध रेत का परिवहन करते वाहन जप्त




शहडोल।

बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 29 दिसम्बरको मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक डग्गी में अवैध रूप से रेत लोड कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा अमलाई चौक बुढ़ार में घेराबंदी किये। कुछ समय पश्चात डग्गी क्रमांक एमपी 18 जीए 5822 मय रेत लोड आते दिखा। जिसके चालक से पूछताछ की गई, चालक ने अपना नाम राहुल उर्फ पुनवा कोल उम्र 30 वर्ष निवासी कॉलेज तिराहा बुढ़ार एवं साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम दिनेश मिश्रा उम्र 39 वर्ष निवासी आदर्श कॉलोनी बुढ़ार जो वाहन मालिक है। आरोपियों से रेत एवं वाहन के संबंध में दस्तावेज मांगने पर उन्होंने कोई वैध दस्तावेज न होना बताये। जिस पर उक्त वाहन को मय रेत के जप्त कर दोनों आरोपियों के विरूद्ध भादवि, मोटर व्हीकल एक्ट एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढ़ार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक हरिकिशोर जाटव एवं आरक्षक शिशिर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बोलेरो-बाइक में भिड़ंत, बाइक चालक घायल

**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत गौटिया पेट्रोल पंप के पास हाईवे पर बोलेरो-बाइक की भिड़ंत हुई है, इस हादसे में ग्राम सेमरिया निवासी मुकेश पिता नत्थू चौधरी उम्र 24 वर्ष घायल हो गये। घटना के बाद 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची है और घायल को जिला अस्पताल लाया गया। मुकेश मुख्यालय स्थित विकटगंज से अपनी टीवीएस विक्टर बाइक से काम कर वापस हो रहा था, तभी गौटिया पेट्रोल पम्प के आगे सड़क हादसे का शिकार हुआ है। इस हादसे में मुकेश के पैर एवं शरीर के अन्य हिस्से चोटिल बताए जा रहे है।



### पेट्रोल पंप में डब्बों-बोतलों में दिया जा रहा पेट्रोल

**शहडोल।** जिले के पेट्रोल पंपों पर तो उपभोक्ताओं के लिए न ही मान्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं और न ही एक्सप्लोसिव एक्ट के नियमों का पालन किया जा रहा है। इन पेट्रोल पंपों पर खुलेआम नियमों का मखौल उड़ाए जाने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। पेट्रोल पंप में बिना रोक टोक के प्लास्टिक बोतलों के अलावा जरीकेन में भी पेट्रोल देने का सिलसिला शुरू चल रहा है, लेकिन अबतक इस पर रोक नहीं लगाई है, जबकि यह भी पेट्रोलियम एक्ट के तहत प्रतिबंधित है। जरीकेन में पेट्रोल दिए जाने की वजह से इसका गलत इस्तेमाल भी किया जा रहा है। शहर से सटे लगभग ग्रामीण क्षेत्र के छोटे दुकानदार बड़ी मात्रा में पेट्रोल खरीदकर ले जाते हैं और पेट्रोल की कालाबाजारी कर उसे बढ़ी हुई कीमत में बेचते हैं। इसके साथ ही आय अधिक प्राप्त करने पेट्रोल में मिलावट भी की जाती है, इसके बावजूद संबंधित पेट्रोलियम कंपनी के अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कभी विभाग से कोई अधिकारी जांच में पहुंच भी गया तो वह अपनी मेहमान नवाजी करवाकर वापस लौट जा रहा है और सब कुछ अपने ढर्रे पर चलता रहता है। शहर का सबसे व्यस्ततम एवं कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस महानिदेशक, कमिश्नर कार्यालय से कुछ मीटर दूरी पर संचालित पेट्रोल पंप में कर्मचारी प्लास्टिक की बोतलों में पेट्रोल देते आसानी से नजर जाते हैं, जबकि एक्सप्लोसिव एक्ट 1983 की धारा के तहत प्लास्टिक की बोतलों में पेट्रोल देना लेना प्रतिबंधित है। लोगों के सुरक्षा के मद्देनजर इस पर पाबंदी लगाना जरूरी भी है।

# मालवाहकों वाहनों का मंदिर परिषद में जमावड़ा

शहडोल।

संभाग मुख्यालय में दिनोदिन बढ़ते वाहनों की भीड़ धीरे धीरे समस्या बनती जा रही है। मालवाहकों की समस्या सबसे अधिक जटिल है। वाहन मालिक अपने वाहनों की पार्किंग व्यवस्था नहीं कर इधर उधर वाहन खड़े कर समस्याएं बढ़ा रहे हैं। यातायात पुलिस इन वाहनों पर कार्रवाई करने पहल नही कर रही है। सब्जी मण्डी में ऐसे वाहन कहीं दूकानों के सामने तो कहीं सड़कों के किनारे खड़े दिखाई पड़ते हैं। शंकर टाकीज व गल्ला मण्डी के आसपास तो मालवाहकों की भीड़ रहती ही है सबसे अधिक परेशानी मोहनराम मंदिर परिसर में दिखाई पड़ती है जहां दर्जनों की संख्या में पिकअप, मिनी ट्रक व ऐसे ही अन्य वाहन खड़े नजर आते हैं। इससे आवाजाही में तो असुविधा होती ही है, आने जाने वालों से अभद्रता भी की जाती है। मंदिर में अक्सर धार्मिक आयोजन होते रहते हैं जिसके कारण श्रद्धालुओं का यहां तांता लगा रहता है। बताते हैं कि मालवाहकों के अंदर शरारती तत्व भी बैठे रहते हैं। जिसके कारण यहां का वातावरण दूषित होता रहता है। ज्ञातव्य है कि मोहनराम मंदिर ट्रस्ट की भूमि पर बिना अनुमति व सहमति के वाहनों का अघोषित स्टैण्ड संचालित हो रहा है। आखिर किसकी शह पर यहां से वाहन संचालित हो रहे हैं। सावन के इस महीने में मंदिर में विशेष पूजा पाठ व झूलों का आयोजन किया जा रहा है।

माल वाहकों के मालिक मंदिर की खाली पड़ी भूमि को अपनी भूमि की तरह उपयोग कर वहां दिन रात अपने वाहन खड़े कर देते हैं। लाभ तो वे स्वयं खाते हैं लेकिन वाहन पार्किंग के लिए मोहनराम मंदिर रामजानकी मंदिर भूमि का उपयोग कर रहे हैं। बताया गया कि पीपल के आसपास जो वाहन लंबी कतार लगाए खड़े रहते हैं उसके लिए ट्रस्ट ने कोई सहमति प्रदान नहीं की है। भूमि का जबर्जस्ती उपयोग किया जा रहा है। एक बार एसपी से शिकायत होने पर कई दर्जन वाहनों का चालान कर दिया गया था। लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वही स्थिति निर्मित हो गई है। यातायात पुलिस तत्काल कार्रवाई कर यहां से वाहनों को हटाए और उन पर जुर्माना लगाए। बाजार के अंदर कहीं भी खाली पड़ी भूमि इन वाहन मालिकों के उपयोग से नहीं बच पा रही है। खाली भूमि का लाभ राहगीरों को नहीं मिल पा रहा है।

जानकारी मिली है कि इन वाहनों में कई बार शरारती तत्व घुसे बैठे रहते हैं, जो कि नसे का उपयोग करते हैं और वातावरण को दूषित करते हैं। मंदिर प्रांगण में इनकी आवाजाही और घुसपैठ होने से परेशानी बढ़ती जा रही है। रात को धार्मिक आयोजन समाप्त होने के बाद श्रद्धालु जब अपने घर जाता है तो इन वाहनों में छिपे तत्व उनसे अभद्रता करते हैं। यहां न केवल नशे का उपयोग किया जाता है बल्कि वाहन के अंदर जुआ भी खेला जा रहा है। कभी कभी तो वाहनों के चालक परिचालक स्वयं ही झगड़ा करने लगते हैं। इसके अलावा इनके द्वारा परिसर में गंदगी भी की जाती है। पूरे परिसर में गंदगी बढ़ रही है लेकिन नगरपालिका साफ सफाई की ओर ध्यान नहीं दे रही है। जब मंदिर ट्रस्ट से इन वाहनों का कोई सरोकार नहीं है तो फिर यहां भीड़ क्यों लगाई जा रही है। सड़कों के किनारे एक अर्से से वाहन क्यों खड़े रहते हैं इस दिशा में यातायात पुलिस न तो पूछताछ करती है और न कार्रवाई कर रही है। यातायात पुलिस केवल मेन रोड गांधी चौक से लेकर इंद्रा चौक और इसी रोड पर सीमित रहती है। केवल पार्किंग लाइन के अंदर वाहन खड़ा कराने तक उसकी कार्रवाई सीमित है। आटो वाले पुलिस के सामने बीच रोड में वाहन खड़ा करते हैं, बाइक में तीन-तीन लोग बैठ कर निकलते हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। पुलिस को शराबी चालक तो शायद ही कभी मिलते होंगे।

# विकास यात्रा के नाम पर सचिव खुद कर रहे विकास

## व्यवस्थाओं के नाम पर लगाये जा रहे अनाप-शनाप बिल

### जनपद से लेकर जिला प्रशासन बना मूकदर्शक

भले ही प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम विकास कार्य के लिए लाखों रुपए का बजट पंचायतों में भेजा जा रहा हो, लेकिन पंचायतों में इसे विकास कार्यों में न लगाते हुए वर्तमान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के नाम पर अपनी जेब भरने का काम किया जा रहा है, विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान खर्च की सीमा तय न होने के कारण बिल बढ़ा-बढ़ाकर लगाये जा रहे हैं।

उमरिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के लिए पृथक से बजट आवंटन नहीं किया गया है, प्रचार-प्रसार सामग्री, बैनर पोस्टर, ऑडियो विजुअल आदि प्रचार-प्रसार वैन में उपलब्ध है, इसके अतिरिक्त हितग्राहियों के चयन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए योजना के प्रचार-प्रसार मद एवं प्रशासनिक मद में उपलब्ध राशि का नियमानुसार उपयोग किया जाना तय किया गया है, स्थिति यह है कि जनपद पंचायत सीईओ के संरक्षण में बिरसिंहपुर पाली की ग्राम पंचायतों में सरपंच और सचिवों द्वारा अनाप-शनाप खर्च दिखाकर, विकसित भारत संकल्प यात्रा को कटघरे में खड़ा किया जा रहा है। टेंट, कुर्सी, सोफा, साउण्ड सर्विस सहित नास्ता, भोजन के नाम पर लाखों का व्यय कर दिया गया है, जबकि धरातल पर इतना खर्च हुआ ही नहीं है।




### खुद का बनाया जुगाड़

विकसित भारत संकल्प यात्रा से हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन ग्राम पंचायतों में पहुंच रही यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत के जिम्मेदार आवश्यक व्यवस्थाओं के नाम पर लाखों रूपये के बिल लगा रहे हैं, हितग्राहियों को यात्रा के दौरान पानी के अलावा कुछ नसीब नहीं हो रहा है, बावजूद इसके चाय, नाश्ता, भोजन सहित अन्य पर लाखों रूपये व्यय किया गया है, बिरसिंहपुर पाली जनपद की ग्राम पंचायत गिंजरी एवं सलैया-2, मलियागुड़ा में सरपंच-सचिवों ने लाखों रूपये व्यय कर दिये, दोनों ही पंचायतों में एक ही वेण्डर से टेंट सहित अन्य सामग्री ली गई, लेकिन इनकी कीमत में अंतर स्पष्ट दर्शाता है कि यात्रा के नाम पर खुद का जुगाड़ बनाया गया है।

### फर्जी भुगतान कर दिया

ग्राम पंचायत मलियागुड़ा में 4 नवम्बर 2023 को मतदाता जागरूता अभियान के दौरान 1 लाख 52 हजार 880 रूपये खर्च किये गये, इस दौरान 900 कुर्सी 20 की दर से 18000 रूपये, सोफा 10 नग 750 रूपये के हिसाब से 7500 रूपये, साउण्ड सर्विस एक नग 1200 रूपये, टेंट 8250 स्क्वायर फिट टेंट लगाया गया, जिसका 99 हजार रूपये खर्च हुआ, इसके अलावा 16 हजार 380 रूपये 12 प्रतिशत के हिसाब से टेंट का वसूल किया गया, इसी प्रकार खाना व्यवस्था के नाम पर 62 हजार 525 रूपये के साथ ही 11 हजार 254 रूपये वाणिज्य कर के साथ ही 73 हजार 779 रूपये का भुगतान पंचायत ने कर दिया।

### एक माह में घटी महंगाई

बिरसिंहपुर पाली जनपद में भारत विकास यात्रा के दौरान 22 दिसम्बर को गिंजरी पंचायत में 300 कुर्सी 12 रूपये के दर से 3600 का भुगतान, 6 सोफा 400 रूपये की दर से 2400 का भुगतान, साउण्ड सर्विस 01 नग 7000 हजार रूपये, 60&60 टेंट का 12 रूपये के हिसाब से 43 हजार 200 के अलावा 6744 रूपये सीजीएसटी भी भरा गया है, इसके अलावा खिचड़ा, नमकीन, बिस्कुट, समोसा, बर्फी, पानी बिस्लेरी, पानी पाउच के नाम पर 21 हजार 500 रूपये के अलावा 3870 रूपये सीजीएसटी भी वेण्डर के खाते में डाला गया है, कुल मिलाकर गिंजरी पंचायत में 88 हजार 314 रूपये खर्च किया गया। इसी हिसाब से सलैया-2 में भी बिल यात्रा के नाम पर 62 हजार 944 रूपये व्यवस्था के नाम पर खर्च किया गया।

### खुद का कर रहे विकास पंचायत के जिम्मेदार

ग्राम पंचायत गिंजरी, सलैया-2 सहित मलियागुड़ा के सरपंच-सचिव भ्रष्टाचार में कंठ तक डूब चुके हैं, गिंजरी में पदस्थ सचिव पुरूषोत्तम चतुर्वेदी पूर्व में नरवार पंचायत में पदस्थ थे, इस दौरान यहां तालाब सहित अन्य निर्माण कार्यो के नाम पर जमकर फर्जी बिल लगाये, इसके अलावा वर्तमान में गिंजरी पंचायत में भी सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके है, इसके अलाव मलियागुड़ा में पदस्थ सचिव सरमन महरा तिवनी पंचायत में पदस्थ थे, इस दौरान इन्होंने वेण्डर के साथ सांठ-गांठ कर पंचायत की राशि खुर्द-बुर्द की थी, बावजूद इसके कभी जनपद सहित जिला पंचायत के जिम्मेदारों ने कार्यवाही की जहमत नही उठाई, पंचायतों में लगने वाले विकास यात्रा के नाम पर बिल में भी सचिवों द्वारा खेल किया गया है, लेकिन जनपद सहित जिले में बैठे जिम्मेदारों ने पंचायत में पोषित हो चुके भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने से किनारा कर लिया है।

# हरवाह में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित



उमरिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत हरवाह में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमलेश गुप्ता, रामप्रताप मिश्रा, सरपंच सोनू गुप्ता, सचिव प्रवीण पाण्डेय, सहायक सचिव अवधनारायण सोनी, नत्थू सिंह, पुष्पेन्द्र सोनी, अनिल सोनी, सत्यनारायण गुप्ता, अजीत सोनी, सुरेन्द्र सिंह, रामलखन साकेत, पीसीओ, शिवलाल प्रजापति उप यंत्री, उमेश सिंह पुलिस चौकी प्रभारी बिलासपुर, अशोक सिंह पटवारी, श्री परिहार एसएडीओ कृषि, अनिल शर्मा आरएईओ कृषि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका सहित सभी ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमलेश गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अधिकारी ग्रामीण अंचलों में पहुँच रहे है, इसके साथ ही उनके द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए जा रहे है। यह अच्छा अवसर है जब सभी योजनाओं का लाभ एक छत के नीचे मिल रहा है, योजनाओं का लाभ पाने के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। सभी जन इसका लाभ उठाएं।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभागए कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, मत्स्य विभागए जल जीवन मिशन आदि द्वारा योजनाओं से सम्बंधित स्टाल लगाए गए एवं ग्रामीणों से लाभ उठाने की बात कही गई। मुख्य अथित सहित अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया।

# अनूठी पहल: नव विवाहित जोड़ों से कर रहे पौधारोपण, दिला रहे संरक्षण का संकल्प

### अटूट और सांसों का बंधन, पहले पौधारोपण फिर गठबंधन

उमरिया।

सांसों का बंधन न टूटे, इसलिए जरूरी है कि गठबंधन से पहले हम पधारोपण करें। इस थींम पर जिले में युवा टीम ने नव विवाहित जोड़ों से पौधों पर करने का अभियान शुरू किया है। टीम जिले के अलग-अलग हिस्सों बिरसिंहपुर पाली, नौरोजाबाद, करकेली, उमरिया, चंदिया, मानपुर सहित करीब 50 स्थान पर नव विवाहित जोड़ो से पौधारोपण करा चुके है। इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि विवाह के दौरान उपस्थित लोग भी पौधारोपण की उपयोगिता को समझ पाते हैं और उनमें पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूकता आती है।



अभी तक अभियान में जुड़े 100 से भी अधिक युवा जुड़ चुके है। युवा टीम से जुड़े दो युवा व युवतियों खुशी सेन व हिमांशु तिवारी को 6 महीने पहले यह विचार आया कि विभाग के समय लिया गया संकल्प लोग जीवन भर निभाते हैं, इसलिए शादी के मौके पर नव विवाहित जोड़े से पौधारोपण कराया जाए। उन्होंने व्हाट्सएप गुरप बनाया और युवा टीम से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी अभियान से जोड़ा। गुरप में अभी 100 से भी अधिक युवा जुड़ चुके हैं इसमें होने वाले अन्य खर्च यह सदस्य खुद ही उठते हैं। टीम लीडर हिमांशू तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा युवा टीम के द्वारा पिछले वर्ष नव विवाहित जोड़ों से पौधारोपण अभियान आरंभ किया गया था। पिछले वर्ष के भांति इस वर्ष इस अभियान का परिणाम ज्यादा बेहतर है और ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान से जुड़े हैं व पर्यावरण संरक्षण की संकल्प भी ले रहे हैं।

रोपे पौधे 26 नवम्बर को नौरोजाबाद के ग्राम पंचायत पटपरा निवासी नव विवाहित अजय कुमार बर्मन और उनकी पत्नी कविता बर्मन ने पौधारोपण किया तो पूरा परिवार उत्साहित हो गया। उन्होंने संकल्प लिया कि वह इन पौधों को पुत्र की भांति ध्यान रखेंगे और संरक्षण करेंगे। अभियान से जुड़े युवाओं का कहना है कि पौधे वृक्ष बनेंगे तो विवाह की हर वर्षगाठ के साक्षी होंगे। अभियान से जुड़े खुशी सेन, संजना सिंह, शिखा बर्मन, महिमा बर्मन, राधा बर्मन, दीपक बर्मन, लक्ष्मी सिंह, ऋषभ त्रिपाठी, अंकिता बर्मन, भूमिका बर्मन, नीरज, आयुष बर्मन, आशीष व सभी उपस्थित रहे।

# बिगड़ती कानून व्यवस्था से नागरिकों में बढ़ रहा आक्रोश

## लगातार हो रही चोरी का पुलिस नहीं कर पा रही पर्दाफाश

कोतमा।

नगर में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर जहां नागरिकों में पुलिस के प्रति गुस्सा देखा जा रहा है। पुलिस ने अभी तक कई मामलों में मामला भी दर्ज नहीं किया है जिसके कारण भी लोगों के बीच में आप पुलिस के प्रति तरह-तरह की बातें हो रही हैं लोग अपने आप को अब असुरक्षित महसूस करने लगे हैं यहां तक की 5 दिन पूर्व नगर के बीच बाजार से बुलेट मोटरसाइकिल चोरी हो गई पुलिस उसका भी पता लगाने में नाकाम साबित हो रही है आए दिन डीजल चोरों के द्वारा खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी कर रहे हैं लेकिन पुलिस उन्हें भी पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। बता दे 26-27 नवंबर की दरमियानी रात नगर के वार्ड क्रमांक 6 सब्जी मंडी के सामने बीच बाजार में घर में




घुसकर डकैती का असर प्रयास करने की घटना सामने आई थी। और व्यापारियों ने भी मामले को उजागर करने के लिए पुलिस को ज्ञापन दिया था. ज्ञापन में उल्लेख भी किया था कि एक सप्ताह के अंदर यदि पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच पाती है और मामले का खुलासा नहीं कर पाती है तो व्यापारियों के द्वारा बाजार बंद करने जैसे ठोस कदम उठाए जाएंगे।

नगर के आजाद चौक के पास बीच बाजार से 22 नवंबर को किराना व्यवसाई फूलचंद अग्रवाल से 30000 नगद की ठगी की घटना घटित हुई थी। जिसकी शिकायत व्यापारी के द्वारा लिखित में थाने में की गई थी लेकिन एक माह बीतने को है पुलिस ने आज तक मामला पंजीबद्ध नहीं किया है। एक सप्ताह बाद जरूर थाना प्रभारी किराना व्यवसाई के यहां आकर सीसी फुटेज जरूर खंगार रहे थे लेकिन अब तक मामला पंजीबद्ध नहीं किया गया और ना ही अभी तक आरोपी पुलिस की पकड़ में आए हैं। दोनों ही मामलों में अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं पुलिस अभी तक आरोपियों की पहुंच से दूर है। आये दिन नगर में हो रही चोरी ठगी लूट की घटना को लेकर नागरिकों में दहशत का माहौल व्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि इन दिनों नगर में खुलेआम मेंन रोड पर अवैध रूप से कबाड़ के ठीहे संचालित हैं और जहां पर घरों एवं कालरी से चोरी किए हुए सामानों को भेजते हैं और अवैध कबाड के ठीहे संचालित होने के कारण नगर में इन दिनों अपराधियो के द्वारा खुलेआम अपराध को अंजाम दे रहे हैं नागरिकों ने जिले के पुलिस अधिकारियों से अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए अपराध पर लगाम लगाए जाने की मांग की है।

# विभिन्न विभागों के कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

### अधिकारियों को दिए निर्देश

अनूपपुर। सभी विभागीय अधिकारी योजनाओं तथा परियोजनाओं के निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने स्वयं मौके का जायजा लेकर मानीटरिंग सुनिश्चित करें। कार्यों में शिथिलता बरतने पर जिम्मेदारों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों ने विभाग अंतर्गत संचालित कार्यों की अद्यतन जानकारी पॉवर प्वाईंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय विकास, जनजातीय कार्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, सेतु निगम, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा विभाग, जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग (भवन), स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, कृषि, खाद्य तथा योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग के कार्यों की कार्यवार समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत जिले के सभी वंचित पात्रताधारियों को हितलाभ प्रदान करते हुए लाभान्वित किए जाने के संबंध में निर्देश दिए।



# सुरा प्रेमियों का पसंदीदा जगह बना एन एच 43

## राजमार्ग के किनारे संचालित गुमटियों में खुलेआम परोसी जा रही अवैध शराब

कोतमा।

नगर में शराब दुकानों के आसपास ठेला घूमती खाली स्थान पर दिनदहाड़े लोग जाम छलका रहे हैं। यही नहीं कुछ दुकानदार तो बाकायदा बैठ कर अहाते जैसी सुविधाएं दे रहे हैं। इन पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शक्ति दिखाई थी तो असर भी दिखा था अब फिर इनके हौसले बुलंद हो चुके हैं। बता दे एक तरफ सरकार मादक पदार्थों पर बंदिश लगाने को उद्देश्य से शराब अहाते बंद करने जैसे जन कल्याणकारी निर्णय ले रही है वहीं दूसरी तरफ इन्हीं के नुमाइश नगर के महत्वपूर्ण स्थलों में नियम विरोध शराब की बिक्री को संरक्षण देकर ठेकेदारों को अभयदान देने का काम कर रहे हैं। दिन हो या रात खुलेआम शराब की पैकारी से लेकर मनमाने दाम में बिक्री का खेल चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 मुख्य मार्ग के किनारे शराब दुकानों में नियमों की धज्जियां उड़ाई जाती है यह देखने वाला ना तो आबकारी विभाग ना ही पुलिस उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही कर रही है।

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 के किनारे कंपोजिट शराब दुकान संचालित है और वहीं पर बगल में कई गुमटियों में अहाते संचालित हो रहे हैं जिसका लाभ नगर के युवा एवं अन्य लोग उठा रहे हैं और दिन ढलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में सड़क के दोनों ओर मोबाइल की लाइट जलाकर खेतों एवं खाली जगह पर बैठकर शराब का सेवन करते हैं और वहीं पर सीसी डिस्पोजल तथा अन्य सामान फेंक जाते हैं जिसके कारण जमीन मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 गोहांड्रा तिराहे के पास एक ढाबा संचालित होने के कारण ढाबे के मालिक के द्वारा शराब प्रेमियों को खाली जगह में बैठकर शराब पिलाने की व्यवस्था भी की जाती है जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग 43 सड़क के किनारे निवास करने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं इन सुरा प्रेमियों के द्वारा शराब के नशे में गालियां भी दी जाती है जिसके कारण राष्ट्रपति राजमार्ग क्रमांक 43 में आवागमन करने वालों को परेशानियों का



सामना करना पड़ता है राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में कई घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 एवं बस स्टैंड के आगे स्थित शराब दुकान के आसपास छोटे-छोटे होटलों को खोलकर बकायदा उसमें बैठक शराब पिलाई जाती है शराब दुकान के सामने लोग जाम छलकाते नजर आ जाते हैं यही नहीं सुबह शाम दुकानों के पीछे रखे खाली डिस्पोजल वह बोतलों से इनकी असलियत स्वमेव ही उजागर हो जाती है।

## खबर संक्षेप



### छात्र-छात्रों को स्वरोजगार की दी गई प्रेरणा

उमरिया। जेल अधीक्षक डी.के. सारस के द्वारा सामाजिक संस्था मां शारदा कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षणरत छात्र-छात्रों के बीच स्वरोजगार विषय पर प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर संस्था के संचालक दीपक सोनी, जन प्रशिक्षण संस्थान उमरिया प्रशिक्षक श्रीमती नीतू अग्निहोत्री, रेनू एवं संस्था के प्रशिक्षक तथा 25 छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। उन्हें सिलाई, भोजन प्रबंध, ब्यूटी पार्लर एवं अन्य स्वरोजगार प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा सरकारी नौकरी प्राप्त करने के लिए सीपी सीटी कम्प्यूटर कोर्स करने की प्रेरणा दी गई। इस कार्यक्रम में छात्रो को स्वास्थ्य की देखभाल करना माता-पिता एवं गुरूजन की आज्ञा का पालन करना एवं सम्मान करना बताया गया। भक्तिगीत, गायन भी छात्रो द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम से संस्था के सभी छात्र प्रसन्नचित रहे।

### ग्राम पंचायत कल्दा, बिछिया में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



उमरिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत कल्दा, बिछिया में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में किसानों को आधुनिक यंत्र उपलब्ध कराये जा रहे है, ताकि खेती किसानी लाभ का धंधा बन सके। महिलाओ को धुएं से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस चूल्हा उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने आव्हान किया कि वे भी आगे आये और शासन की हितग्राही मूलक योजनाओ का लाभ उठाये। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन करके किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न विभाग द्वारा अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं के स्टॉल लगाए गए थे और ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हितलाभ का वितरण भी किया गया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 252 रोगी हुए लाभान्वित



उमरिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर पालिका परिषद पाली के स्कूल ग्राउण्ड में आयोजित शिविर में आयुष विभाग द्वारा स्टाल लगाया गया। इस दौरान 252 रोगियों को लाभान्वित किया गया।।

### कलेक्टर ने स्थानीय अवकाश किए घोषित

अनूपपुर। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार सामान्य पुस्तक परिपत्र भाग-2 के अनुक्रमांक-4 के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए वर्ष 2024 के लिए अनूपपुर जिले में शुक्रवार 16 फरवरी 2024(माँ नर्मदा जयन्ती), मंगलवार 26 मार्च 2024(होली का दूसरा दिन) तथा शुक्रवार 01 नवम्बर 2024(दीपावली का दूसरा दिन) को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश कोषालय, उप कोषालयों तथा बैंकों पर लागू नही होंगे।

### कैदियों की एचआईवी सिफलिस स्कीनिंग के लिये शिविर आयोजन

उमरिया। जेल अधीक्षक डी. के. सारस ने बताया कि जिला जेल में प्रवेश हुए 4 बंदियों की एचआईवी सिफलिस स्कीनिंग के लिए शिविर आयोजन किया गया। जेल में ही जांच केन्द्र होने से जेल चिकित्सक के निर्देशन में 77 बंदियों का जांच किया जा चुका है। नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण समिति जिला उमरिया डॉ. मुकुल तिवारी एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन के निर्देशन में आयोजित कैम्प में परामर्शदाता शिवांशु सिंगौर तथा लैब टेक्नीशियन मनभरन सिंह, अनुज रजक एवं पैरामेडिकल स्टाफ शिवेन्द्र यादव के द्वारा जाँच-परीक्षण किया गया।

## खबर संक्षेप

### महिला से तीन लाख रूपये लेकर फरार हुआ फारूख



रीवा। संवेदनायें तब मर जाती है जब कोई मजबूरी बताते हुए पैसा लेकर मुकर जाये। ऐसे में देनदार को हर व्यक्ति के चेहरा ठग के रूप में ही दिखाई देता है। ऐसा ही कुछ वाक्या अमहिया बड़ी दरगाह के पास रहने वाले महिला सायरा बानो उर्फ मधु पति अंसार अहमद के साथ हुआ, जो पड़ोस में रहने वाले फारूख अंसारी की बातों पर आकर तीन लाख रूपये दे दी। सायरा बानो को झटका तब लगा जब वह पैसा पाते ही गायब हो गया। इस बात की जानकारी लगते ही सायरा बानो उसकी पत्नी के पास जाकर पैसे की मांग कि तो उल्टा उसकी पत्नी ही सायरा बानो के साथ मारपीट कर डाली। पीड़िता सायरा बानो धोखेबाज फारूख अंसारी एंव उसकी पत्नी मकसूदा उर्फ गुड़िया अंसारी के विरुद्ध अमहिया थाना में शिकायत दर्ज करवाई। मामला 6 माह पुराना है सायरा बानों ने बताया कि उसके पड़ोस कब्रिस्तान के समीप रहने वाला फारूख अंसारी आया और कहने लगा कि उसके बच्चे का आपरेशन करवाना है और तीन लाख रूपये की मांग की। लंबी रकम होने की वजह से पहले तो सायरा बानों ने देने से इंकार कर दी, लेकिन फारूख द्वारा तीन अलग-अलग चेक दिये जाने के साथ ही 50 रूपये के स्टॉप में एक माह के अंदर वापस किये जाने को लिखकर देकर सायरो बानों का विश्वास जीत लिया। सायरा बानो ने फारूख को तीन लाख रूपये दे दी, जैसे ही वह पैसे दी तो फारूख रूपये लेकर चंपत हो गया। एक माह का समय गुजर जाने पर सायरो बानो जब उसके घर पैसे की मांग करने पहुंची तो उसका साबका उसकी पत्नी से हो गया। बताया गया कि दोनो के बीच हुई तू-तू, मैं-मैं मारपीट पर तब्दील हो गई। पुलिस ने मारपीट किये जाने के साथ ही पैसे लेकर दगा किये जाने का अपराध पंजीबद्ध कर लिया। वहीं विश्वास का शिकार हुई सायरा बानो तीन लाख रूपये वापस पाने के लिए थाना के बाद न्यायालय के चौखट पर जा खड़ी हुई।

### डॉक्टर मनमोहन सिंह ने वृद्धा पेंशन के साथ गरीबों को बांटे कंबल



रीवा । संजय गांधी अस्पताल में सीएमओ के पद से सेवा निवृत हुए अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनमोहन सिंह सेंगर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीबों के बीच कंबल वितरित का वर्ष का अंतिम समय की विदाई करते हुए गांव वालों को नववर्ष की बधाई देते हुए आने वाले वर्ष में सुनहरे पलों की कामना की। इस अवसर पर डॉक्टर मनमोहन सिंह की धर्म पत्नी डॉ. ब्रजबाला सिंह, ग्राम पंचायत फूलकरण सिंह के सरपंच नरेंद्र बहादुर सिंह मुंशी, सेनि. कैप्टन जगत बहादुर सिंह, कृपाल सिंह, सेनि. प्राचार्य आरपी सिंह, सेनि. प्राचार्य पीएल चक्रवर्ती, समाजसेवी सूर्य प्रताप सिंह, दीपक सिंह एंव संत कुमार सोंधिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बताते चले कि विगत सात वर्षो से अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन सिंह एवं उनकी धर्म पत्नी ब्रजबाला सिंह अपने स्वर्गवासी पिता पदमनाथ सिंह एवं माता स्व. लखराज सिंह की स्मृति में गांव के गरीबों एवं असहाय लोगों को 3 सौ रूपये प्रतिमाह पेंशन एंव ठंड की ऋतु में कंबल वितरित करते हैं। रविवार के दिन डॉ. मनमोहन सिंह अपनी धर्म पत्नी के साथ मिलकर गांव के 55 गरीब एंव असहाय वृद्धों को 12-12 सौ रूपये बतौर पेंशन एंव लगभग 65 गरीबों के बीच कंबल वितरित किये।

### पाला से फसलों को बचाने कृषि विभाग ने दी किसानों को सलाह

रीवा। जिले में पिछले पांच दिनों से शीत लहर का प्रकोप है। तापमान में गिरावट तथा आसमान पर कोहरा छाने से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। रात का तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। तापमान में गिरावट से फसलों में शीतलहर के प्रकोप की भी आशंका है। इसे ध्यान में रखते हुए उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसानों को फसलों को पाले के प्रकोप से बचाने के लिए सलाह दी है।

# वित्तीय वर्ष के तीन माह शेष, टारगेट हासिल करने प्रयास विशेष

## एरिया महाप्रबंधक सहित पूरा अमला उत्पादन लक्ष्य हासिल करने में जुटा

**वित्तीय वर्ष में समाप्त होने में 3 माह का समय शेष बचा है, ऐसे में एसईसीएल के सोहागपुर एरिया का प्रबंधन कोयला उत्पादन का सालाना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए डिपार्टमेंटल कोयला उत्पादन करने में हर संभव प्रयास महाप्रबंधक वी श्री कृष्णा भरपूर सहयोग कर रहे है**



ला ख

धनपुरी। क्षेत्रीय प्रबंधकप्रबंधकों, खान प्रबंधकों द्वारा अपने दम पर बचे शेष माह में 13 लाख टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया जा रहा है ।

### लक्ष्य के करीब खदानें

एसईसीएल सोहागपुर एरिया की सबसे बड़ी खदान अमलाई ओसीएम को सालाना लक्ष्य 15 टन दिया गया था लेकिन पिछले वर्ष की तरह इस भी समय के पूर्व यह खदान लक्ष्य से अधिक कोयला निकालने सफल हो जाएगा, वही मेघा प्रोजेक्टर रामपुर बटुरा खदान 10 लाख टन का टारगेट दिया गया है जो यह खदान भी अपना टारगेट पूरा करने में सफल हो जाएगा। भूमिगत माइंसो में बंगवार माइंस, खैरहा भूमिगत माइंस भी पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक टारगेट करने में सफल होगी

### चुनौतियों का दौर

सोहागपुर कोयलांचल प्रबंधन इन दिनों चुनौतियों भरे दौर से गुजर रहा है। चुनौती उत्पादन लक्ष्य हासिल करने की पहल वही,हर माह हो रहे कर्मचारी रिटायरमेंट, मेन पॉवर कमी बीच अधिकाधिक उत्पादन, वार्षिक टारगेट चेस करने की इच्छा घाटे से उबरने की, अधूरी लेकिन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने की और सबसे बड़ी चुनौती है कंपनी के भीतर रह कर कंपनी को घाटे में लाने वाले जयचंदों की शिनाख्त कर उन पर नकेल कसने या उनकी साजिशों से बच कर कंपनी द्वारा दिये गए लक्ष्यों को प्राप्त करने की। एरिया महाप्रबंधक वीश्री कृष्णा अपने स्तर पर तो प्रयासरत हैं ही लेकिन मातहतों के सहयोग और अवांछित गतिविधियों पर नियंत्रण के बिना यह संभव नहीं है। जाहिर है कि एरिया प्रबंधन को कुछ कठोर निर्णय लेते हुये उत्पादन लक्ष्य की ओर बढऩा होगा। देखना यह है कि शेष 5 माह में एरिया प्रबंधन और प्रबंधन उपलब्धि हासिल कर पाते हैं या नहीं।

### अनेक समस्याएं

एसईसीएल के सोहागपुर कोयलांचल प्रबंधन के समक्ष महज कम उत्पादन या टारगेट को पूरा न कर पाना ही एक मात्र चुनौती नहीं है जिसके कारण एरिया वर्षों से करोड़ों रुपये का घाटा उठाना पड़ रहा है। एरिया में ऐसी कई समस्याएं हैं जो दिन-प्रतिदिन घाटे की ओर ढकेल रही हैं। इनमें कोयला चोरी, कबाड़ के रूप में बेशकीमती लौह उपकरणों एवं अन्य समानों की चोरी, कॉलरी कर्मचारी आवासों में बेजा कब्जा कर बिजली एवं पानी का दुरुपयोग, बिजली की चोरी, डीजल चोरी आदि गतिविधियों के चलते प्रबंधन को प्रतिवर्ष करोडों रुपये की क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

### जीएम का सार्थक प्रयास

एरिया महाप्रबंधक वीश्री कृष्णा अपनी पदस्थापना के समय से ही अधिकाधिक उत्पादन पर जोर देते रहे हैं और उनके प्रयासेंको कुछ हद तक सफलता मिली भी है लेकिन कंपनी को घाटे की ओर ले जाने वाले अन्य घटकों की ओर शायद उन्होंने पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जिसके कारण वह लक्ष्य से काफी दूर नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा है यदि लाईलाज बीमारी को ठीक करने के लिये कड़वी दवा के रूप में सख्ती का रुख अपनाएं और कालोनियों के बेजा कब्जेदारों, लोहा-कबाड़, डीजल चोरों, बिजली चोरों तथा कंपनी के विभीषणों को ठिकाने लगाने का साहस जीएम दिखा पाए तो काफी हद तक कंपनी के घाटे पर विजय पा सकते हैं।

### नए प्रबंधकों का दम

सोहागपुर एरिया के पांच खदानों में नए खान प्रबंधक की पोस्टिंग हुई है धनपुरी ओसीएम, अमलाई ओसीएम, बंगवार माइंस, दामिनी माइंस, शारदा ओसीएम में नए खान प्रबंधक कोयला उत्पादन में महाप्रबंधक को कितना सहयोग इन खान प्रबंधक अधिकारियों से मिलता है तो सोहागपुर एरिया का टारगेट पूरा करने में सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक सफल होंगे।

### रामपुर करेगा बेड़ा पार

वही इस बार सबसे अहम भूमिका मेगा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा खदान से कोयला उत्पादन लगातार जारी है जो सुहागपुर एरिया का टारगेट,घाटा को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा।



# ऊचाडीह विजेता बरौं बनी उप विजेता

## महाकाल कब्बड्डी प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

रीवा। जवा/ महाकाल कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम ऊचाडीह में आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि चक्रधर सिंह महामंत्री मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी, विधानसभा सिरमौर जवा रहे जबकि, अध्यक्षता शिवबालक पाण्डेय उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जवा ने किया आयोजन के सर्व प्रथम अतिथियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तत्पश्चात आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का पुष्प प्रतीक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, मुख्य अतिथि चक्रधर सिंह ने आयोजन समिति को साधूवाद देते हुए कहा कि कब्बड्डी हमारी प्राचीन खेल है जो अब विलुप्त होती जा रही है ऐसी प्रतियोगिता से जहां हमारे प्राचीन खेल का उदय होगा वहीं ग्रामीणों में दबी खेल प्रतिभाएं भी निकल कर सामने आएगी, अध्यक्षता कर रहे शिवबालक पाण्डेय ने कहा कि खिलाड़ी एवं आयोजन समिति को शुभकामनाएं दी और कहा कि खेल कोई भी हो मैदान में खिलाड़ी को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए, हारने वाले को जीतने का और जीतने वाले को और बेहतर सीखने का मंत्र लेके जाना चाहिए, स्वागत भाषण आयोजक सचिव अवनीश सिंह ने दिया,

इस दौरान फाइनल मैच ऊचाडीह,और बरौ के बीच खेला गया जिसमें ऊचाडीह विजेता एवं बरौं उपविजेता, रही, रेफरी की भूमिका में राममनोरथ विश्वकर्मा,विजय सिंह ने निभाई, संचालन भूपेंद्र सिंह ने किया प्रमुख रूप अजय, अन्नू सिंह,रवि सिंह, अजलुदीन खान, शारदा हरिजन,अवध सिंह,भीखम आदिवासी, छोटेलाल कोल सहित भारी संख्या में खेलप्रेमी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# आदिम जाति कल्याण विभाग से गरीबों के उत्थान के लिए खैरात में बंट रही शासन की राशि

रीवा !

गरीबों के उत्थान के संबंध में सरकार योजनाऐं संचालित कर शासन के कोष से भरपूर राशि खर्च कर रही है। लेकिन सरकारी मशीनरी सरकार की योजनाओं में पलीता लगाकर गरीबों के उत्थान पर आई राशि का बंदरबाट कर लेते हैं। आदिम जाति कल्याण विभाग में डीओ के पद पर बैठे अधिकारी ठेकेदारों से सांठगांठ कर एक ओर जहां गरीबों को बदहाली हालत में छोड़ रहे वहीं दूसरी ओर शासन के खजाने को अपने खजाने में भरने में लगे हुए हैं। हाल ही में गंगेव जनपद के दो ग्राम पंचायतों से निकल कर ऐसे मामले सामने आये है जिन्हे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आदिम जाति कल्याण विभाग में बैठे जिम्मेदार अधिकारी दलितों के प्रति कितने संवेदनशील है। मामला देवास ग्राम पंचायत का है जहां के सरपंच रमेश साकेत और सचिव चीख-चीख कर बता रहे कि आदिम जाति कल्याण विभाग से पीसीसी के लिए निकली राशि हवा में उड़ गई। आदिम जाति कल्याण विभाग की डीओ खा गये या फिर ठेकेदार देवेंद्र मिश्रा। यदि निष्पक्ष जांच एजेंसी से इस भ्रष्टाचार की जांच कराई जाये तो इनके हलक से शासन का पैसा निकल कर सामने आ जायेगा। सरपंच रमेश साकेत ने बताया कि वर्ष 2018-19 में ग्राम पंचायत में दद्दी मास्टर के घर से बसोरन बस्ती के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग लगभग 4 लाख 41 हजार 414 रूपये की राशि स्वीकृत हुई थी। पीसीसी सड़क निर्माण का ठेका देवेंद्र




मिश्रा को मिला था, जो नईगढ़ी क्षेत्र का बताया जाता है। आदिम जाति कल्याण विभाग से पीसीसी निर्माण के लिए स्वीकृत राशि तो निकल गई लेकिन ग्राम पंचायत देवास में उक्त राशि पर पीसीसी का निर्माण कहां हुआ यह तो शोध का विषय है। आज भी वहां सड़क नहीं बनी और दलित बस्ती के लोग ऐसे ही जीवन निर्वहन कर रहे है। सरपंच ने कहा इस संबंध में उसके द्वारा कई बार अधिकारियों से मिलकर जानने का प्रयास किया गया कि आखिरकार उक्त राशि कहां गई और पीसीसी का निर्माण क्यों नहीं हुआ लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस सवाल का जबाव देने के बदले मौनी बाबा बन जाते हैं। इसी हाल गंगेव जनपद गंगेव बस्ती है जहां शौचालय के नाम पर आदिम जाति कल्याण विभाग से लगभग 49 हजार रूपये स्वीकृत हुए थे राशि और शौचालय दोनो ही लापता है। बाक्स ठेकेदार गया था सरपंच को मनाने, नहीं गली दाल मजे की बात तो यह है कि इस मुद्दे को जब ग्राम पंचायत देवास के सरपंच रमेश साकेत ने उठाया तो ठेकेदार से लेकर आदिम जाति कल्याण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की धड़कने बढ़ गई। जिम्मेदार अधिकारियों के इशारे पर ठेकेदार देवेंद्र मिश्रा ग्राम पंचायत देवास जा पहुंचा और सरपंच को मनाने का प्रयास करने लगा। सरपंच ने बताया कि ठेकेदार का कहना था कि इस मुद्दे को उठाने से तुमको क्या लाभ मिलेगा। जो कुछ कहो तो तुम्हारी सेवा कर दी जायेगी। सरपंच रमेश साकेत ने ठेकेदार को समझाते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि ग्राम पंचायत में लगभग 9 हजार जनता रहती है जिसमें 4 हजार मतदाता है। चुनाव मैदान में 9 प्रत्याशी सरपंच बनने के लिए उतरे थे। लेकिन गांव वालों ने उस पर भरोसा कर 11 सौ बोट से जिताया और तुम गांव वालों का भरोसा तोडऩे की बातें करते हो। इतना सुनते ही ठेकेदार उल्टे पांव वापस लौट आया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम महसांव और करौदी में हुई आयोजित

## नेशनल हेल्थ मिशन के संचालक डॉ. ज्योति कुमार संकल्प यात्रा में हुए शामिल






रीवा !

**जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 16 दिसंबर से लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। संकल्प यात्रा में अब तक लगभग 2 लाख लोगों ने भागीदारी निभाई है। संकल्प यात्रा 31 दिसंबर को ग्राम महसांव तथा करौदी में आयोजित की गयी। इन दोनों संकल्प यात्राओं में रीवा जिले के लिए केन्द्र सरकार के नोडल अधिकारी तथा नेशनल हेल्थ मिशन के संचालक डॉ. ज्योति कुमार शामिल हुए।**

डॉ. कुमार ने शिविर में उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा बीएमओ से स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के साथ मिलकर घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं का सर्वेक्षण करें। महिला के गर्भवती सूचना मिलने पर तत्काल उनका पंजीयन करायें। उन्हें गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच और उचित पोषण आहार की सुविधा दें। डॉ. कुमार ने हेल्थ बेलनेश सेंटर, परिवार कल्याण कार्यक्रम, शिशु तथा गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण कार्यक्रम एवं जननी सुरक्षा योजना की क्रियान्वयन की जानकारी ली।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के विभिन्न शिविरों में शामिल होते हुए डॉ. कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी आमजनता तक पहुंचा रही है। प्रचार रथ से रोचक गीतों एवं आकर्षक कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। आमजनता इनका लाभ उठायें। संकल्प यात्रा में स्वास्थ्य विभाग निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित कर रहा है। इनमें अपने स्वास्थ्य की जांच करायें यदि किसी रोग के लक्षण दिखाई देते तो उसका समुचित उपचार किया जायेगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक के सहयोग से आयुष्मान कार्ड के पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन करें। छूटे हुए हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनावाये जिससे उन्हें 5 लाख तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल सके। डॉ. कुमार ने संकल्प यात्रा के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगायी गयी पोषण प्रदर्शनी, कृषि विभाग की प्रदर्शनी, बैंकों द्वारा बीमा योजनाओं के लगाये गये शिविर का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले के सभी नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों में प्रतिदिन संकल्प यात्रा के दो शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इन शिविरों में सांसद, विधायकगण, पंचायत पदाधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की लगातार भागीदारी रहती है। जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारी शासन योजनाओं की जानकारी आमजनता को दे रहे है। अब तक 2 लाख से अधिक व्यक्तियों ने इन शिविरों से लाभ उठाया है। इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों के 625 आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। विभिन्न संकल्प शिविरों में आयोजित विभिन्न जगरूकता कार्यक्रमों में 3750 महिलाओं को सम्मानित किया गया है। इन शिविरों में विभिन्न योजनाओं से लाभांवित जिले के हितग्राही अपनी सफलता की कहानी स्वयं सुना रहे हैं। शिविर में एसडीएम रायपुर कर्चुलियान पीएस त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत डॉ. संजय सिंह, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय, उप संचालक कृषि यूपी बागरी, सीएमएचओ डॉ. केएल नामदेव, अग्रणी बैंक प्रबंधक एसके निगम तथा अन्य अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# विधायक मनगवां ने संकल्प शिविर में किया हितलाभ वितरण

रीवा

31 दिसम्बर 2023. विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम तिवनी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री की गारंटी वाली गाड़ी से शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। शिविर में विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक श्री प्रजापति ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आमजन तक शासन की योजनाओं की जानकारी पहुंचा रही है। विकास योजनाओं का लाभ देने के लिए अधिकारी आमजनता के दरवाजे तक जा रहे हैं। संकल्प शिविरों में कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को मौके पर लाभांवित किया जा रहा है। आमजनता इन शिविरों से लाभ उठाये। प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुसार जिला भर में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा 26 जनवरी तक जारी रहेगी।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम तिवनी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच एवं उपचार शिविर लगाया गया। इस शिविर में रोगियों के रक्तचाप, टीबी तथा सिकिलसेल एनेमिया की जांच की गयी। शिविर में बैंकों द्वारा पात्र हितग्राहियों के प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, तथा जीवन ज्योति योजना के फार्म भरवाये गये। शिविर के साथ आयोजित कृषि विभाग की प्रदर्शनी में उन्नत कृषि उपकरणों तथा ड्रोन से यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण प्रदर्शनी लगायी गयी। शिविर में एसडीएम पीएस त्रिपाठी, जनपद पंचायत गंगेव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### गायत्री मंदिर में लोकार्पण समारोह संपन्न

**अमरकंटक।** डाक्टर चिन्मय पांड्या के द्वारा गायत्री मंदिर अमरकंटक में नव निर्मित भवन यज्ञशाला पर प्रखर प्रज्ञा और सजल श्रद्धा की प्राण-प्रतिष्ठा एवं भव्य प्रवेश द्वार सत्संग भवन का लोकार्पण अपने मुख्य अतिथि में संपन्न किया। गायत्री परिवार के सदस्यों के द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया एवं गायत्री परिवार के आश्रम को जिन-जिन महानुभावों ने सहयोग किया है तन मन या धन से उन सभी का गायत्री परिवार तरफ से स्वागत किया गया।

### करंट में फंसकर पिता मां एवं पुत्री घायल

**अनूपपुर।** जिले से लगे जैतपुर थाना अंतर्गत बचरखार गांव निवासी सुखई पिता जयदीन पाव अपनी पत्नी मुन्नी बाई, पुत्री सुखबारिया के साथ 30 दिसम्बर शनिवार की सुबह मजदूरी का काम करने घर से निकल कर केशवाहीं पैदल आ रहे थी तभी घर से आधा किमी दूर स्थित नाला के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार के लिए लगाए गए जीआई तार जिसमें बांस की खूटी लगी रही के अंधेरा होने के कारण चलते समय करन्ट के चपेट मे आने से बुरी तरह जलकर घायल गए जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र केशवाही में प्राथमिक उपचार करने बाद बेहतर उपचार हेतु 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय अनूपपुर में शनिवार की सुबह भर्ती कराया गया जहां तीनों का उपचार चल रहा है। घटना में 45 वर्षीय सुखई पाव के पेट, जांघ, पत्नी मुन्नीबाई के पैर, पीठ एवं पुत्री सुखबरिया के जांघ में करंट लगने से जले हुए हैं।

### मंत्री दिलीप जायसवाल ने संतों का लिया आशीर्वाद



**अमरकंटक।** 31 दिसंबर पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचकर मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने नर्मदा उद्गम स्थल पर मां नर्मदा के दर्शन एवं पूजन कर प्रदेश एवं जिलेवासीयो के सुख, समृद्धि की मंगल कामना की गई। तत्पश्चात उन्होंने मां नर्मदा मंदिर प्रांगण में कन्या पूजन किया तथा कन्या भोज कराया इस दौरान उनके परिवारजन तथा जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश शासन के नवनियुक्त मंत्री दिलीप जायसवाल ने पवित्र नगरी अमरकंटक पहुंचकर पतित पावनी मां श्री नर्मदा के पूजन कर पूरे प्रदेश व देश वालों के लिए आने वाला नया साल खुश में एवं समृद्ध साली हो ऐसी मनोकामना की एवं भगवती मां रेवा की पूजन अर्जुन के पश्चात साक्षात देवी दुर्गा के रूप में कन्या पूजन के पश्चात नगर के प्रमुख आश्रमों में से श्री कल्याण सेवा आश्रम जाकर बाबा कल्याण दास जी से आशीर्वाद प्राप्त किया एवं अन्य आश्रमों के संतों से आशीर्वाद लिया नगर भाजपा कार्यकतार्ओं में प्रमुख रूप से अंबिका प्रसाद तिवारी, राम गोपाल द्विवेदी, रोशन पनारिया, दिनेश द्विवेदी, प्रकाश द्विवेदी, रुपेश द्विवेदी, अंजना कटारे, बबीता सिंह, अभिषेक द्विवेदी, सोनु जैन, सुखनंदन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकतार्ओं ने पुरे जोश के साथ स्वागत किया।

### भारतीय जनता मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष बने पीयूष पटेल



**अनूपपुर।** भारतीय जनता मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शांतप्रकाश जाटव की सहमति तथा प्रदेश अध्यक्ष अंशुल बैरागी के अनुशंसा व पुरूषोत्तम देवानी के सहयोग से पीयूष पटेल को मजदूरो, पीडितों की मदद व क्षेत्र के बेहतर उत्थान के लिए जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। भारतीय जनता मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर पीयूष पटेल को जिलेभर के पदाधिकारियों-कार्यकतार्ओं व उनके चाहने वालों ने बधाईयां प्रेषित किया है। तथा हर समाज व हर वर्ग के युवाओं सहित वरिष्ठजनों का भी अपार स्नेह मिला है। उन्होने आशीर्वाद प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। पीयूष पटेल नें कहा की पार्टी ने मुझे जिम्मेदारी दी है।

# अमरकंटक में नए वर्ष के आगमन पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु, पर्यटक पहुंच रहे उद्गम स्थल







मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में वर्ष 2023 की अंतिम बिदाई और वर्ष 2024 के आगमन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु, पर्यटक पहुंचे है । स्कूलों की छुट्टियां, पर्व आदि कारणों से देश के अनेक प्रदेशों से तथा अमरकंटक के चारो दिशाओं के गांव, शहर से तीर्थ यात्री, पर्यटक, नर्मदा परिक्रमा वासी, चारो धाम यात्रा टूरिस्ट आदि भारी संख्या में अमरकंटक पहुंच रहे है।

अनूपपुर/अमरकंटक।

हफ्तों से अमरकंटक में लोग पहुंच कर मां नर्मदा उद्गम स्थल, मंदिर और यहां के पर्यटक स्थलों का भ्रमण कर लुफ्त उठा रहे है। खास कर नर्मदा मंदिर के बाद माई की बगिया, सोनमुड़ा, कपिलधारा, ज्वालेश्वर आदि स्थलों में भारी भीड़ देखी जा सकती है। कुछ स्थलों पर भीड़ की वजह से वाहनों की आवाजाही में परेशानी व पार्किंग के लिए भी यात्रियों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ती है। कुछ पर्यटक स्थलों पर प्रशासन की व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण भी बाहर से आए वाहनों तथा टूरिस्टजनो को कई बार पार्किंग स्थलों में विवाद की स्थित निर्मित हो जाती है। कई जगह होटल वाले रोड तक दुकान, कुर्सियां रख कब्जा किए हुए रखे रहते है उस वजह से भी विवाद की स्थिति निर्मित हो जाया करता है। दिसंबर होने के कारण भारी संख्या में आज परिवार के सदस्यों सहित लोग, स्कूलों के बच्चे, टूरिस्ट, परिक्रमा वासी, पर्यटक आदि भारी संख्या में अमरकंटक पहुंचे और सुबह से श्रद्धालुओं ने नर्मदा स्नान पश्चात नर्मदा मंदिर दर्शन किए इस हेतु आज घंटो कतार में लगकर देवी मां नर्मदा के दर्शन किए, पूजन किए और मंदिर प्रांगण में बने अनेक मंदिरों का दर्शन पश्चात अमरकंटक के अनेक धार्मिक, पर्यटक स्थलों का भ्रमण कर लुफ्त उठाया। अमरकंटक में धुंध होने के कारण लोग सूर्योदय समय का लुफ्त नही उठा सके जिससे लोगो में मायूसी भी दिखी।

पर्यटकों ने चर्चा के दौरान बताया की अमरकंटक एक धार्मिक नगरी है। निश्चित ही यहां लोगो का आना जाना बना रहता है। हम परिवार सहित यहां आए सो बहुत अच्छा लगा। बच्चे भी बहुत उत्साहित है। अमरकंटक में अनेक सुंदर जगह है जहां जाने पर मन रमणीय हो जाता है लोगो को भी आनंद आता है, प्रिय लगता है। मुख्य रूप से मंदिर, माई बगिया, सोनमूड़ा, कपिलधारा, ज्वालेश्वर धाम, कल्याण आश्रम, जैन मंदिर, यंत्र मंदिर आदि जगह देखने में बड़ा आनंद की अनुभूति होती है। अमरकंटक में और भी अनेक जगह यहां पर भ्रमण के लिए स्थल है जो बहुत ही रमणीय है। पूरा भ्रमण करना हो तो दो तीन दिन रुक कर किया जा सकता है। हम सभी को यहां आने पर खूब आनंद आया।

## एसईसीएल बिजुरी में लौह अयस्क कबाड़ के नाम पर की जा रही गड़बड़ी

# जिम्मेदार कालरी प्रशासन सहित स्थानीय पुलिस का भी संरक्षण





बिजुरी।

क्षेत्र में संचालित एसईसीएल हसदेव क्षेत्र कि भूमिगत बिजुरी खदान में पुराने स्क्रैब एवं लौह अयस्क समानों पर भारी मात्रा में सम्बंधित लोग एवं जिम्मेदारों द्वारा गड़बड़झाला कर शासन-प्रशासन को लाखों-करोडों रूपए की आर्थिक क्षति पहुंचायी जा रही है। जिस पर संज्ञान लेने की हिमाकत शासन-प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार उच्च शासनिक एवं प्रशासनिक अमला नही कर पा रहा है। जिससे बिजुरी कालरी क्षेत्र में भृष्टाचार का यह खेल खुलेआम शासन-प्रशासन के नैतिकताओं की दुहाई दे रहा है।

### 28 दिसम्बर को भी दिया गया कारनामे को अंजाम

बीते 28 दिसम्बर गुरूवार कि शाम बिजुरी कालरी में रखे स्क्रैप एवं लोहे को सम्बंधित ठेकेदार द्वारा बडी ट्रक में भरवाकर, कांटा घर में वजन कराने के बाद वापस उक्त ट्रक को अंदर ले जाकर उसमें पुनः पुराने स्क्रैब एवं लोहे का समान क्रेन के माध्यम से भरा गया। तत्पश्चात मौके पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारी के माध्यम से उक्त ट्रक को वापस बिना वजन किए कालरी से रवानगी कर दिए। जिसे मौके पर उपस्थित स्थानीय पत्रकारों ने उक्त ट्रक में भरे पुराने स्क्रैब एवं लौह अयस्क कबाडों का वापस वजन कराने का निवेदन किया गया। जिस पर बिफरते हुऐ सुरक्षा अधिकारी ने मामले पर टालमटोल करते हुए इशारा कर ट्रक को जल्दी रवानगी करने का आदेश दे दिए। जिससे यह साबित तो होता है कि ठेकेदार से सांठगांठ कर कालरी के सुरक्षा अधिकारी एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारी विभिन्न तरह के क्रियाक्लापों को अंजाम दे रहे हैं। जिससे भारत सरकार को आर्थिक क्षति पहुंच रही है जिसकी जांच आवश्यक है।

### पुलिस भी उक्त कार्य में दे रहा पूर्ण संरक्षण

बिजुरी पुलिस द्वारा उक्त लौह कबाड़ में ठेकेदार को विशेष संरक्षण दिया जा रहा है इसमें कोई अतिशयोक्ति नही है। कारण 28 दिसम्बर की शाम जब बिजुरी कालरी से कबाड़ ले जाने वाले ठेकेदार गड़बड़झाला कर रहा था। इस विषय कि जानकारी स्थानीय पत्रकारों द्वारा पुलिस को दिया गया किन्तु कानून के रक्षक बने इन जिम्मेदार ने भी मामले से पल्ला झाड़ लिया। जिससे स्वतंत्र हो ठेकेदार ने अपने कार्यों को अंजाम तक पहुंचा दिया।

### प्रदेश सरकार के मंत्री के गृह नगर में कानून की इतनी दुर्दशा

अन्त्योदय के सिद्धांत का प्रतिपालन करते हुऐ सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्रों पर आधारित हो कार्य करने वाली भारतीय जनता पार्टी के अनुभवी एवं कद्दावर नेता दिलीप जायसवाल का प्रचण्ड मतों से विधायकी चुनाव में विजयी होने के बाद से क्षेत्र का प्रत्येक जनमानस विधानसभा क्षेत्र के विकास सहित गृहक्षेत्र का विकास एवं प्रशासनिक स्तर पर सुधार की कल्पना अपने जहन में बसाकर रखे थे। किन्तु प्रदेश शासन के कद्दावर मंत्री के गृहक्षेत्र में भी पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी अपने कर्तव्य परायणता से इतिश्री कर, मनमाना पर अमादा हैं जिसकी झलक बीते 28 दिसम्बर को शाम को देखा गया। जहां पुख्ता जानकारी देने के बाद भी बिजुरी पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों ने उक्त स्क्रैब व लौह कबाड़ पर कार्यवाई करने पर हाथ खडा कर दिया। जो यह साबित करता है कि कानून के रक्षक ही कानून की खुले तौर पर धज्जियां उडा रहे हैं।

### इनका कहना है

आपने जानकारी दी है तो अगली बार जब ऐसा कुछ होता है तो आपके सामने वजन करा लिया जाएगा।

**प्रशांत शर्मा, उपक्षेत्रीय प्रबंधक**
**बिजुरी कालरी**



# सोनमुड़ा में ग्लास कैंटीलीवर सनराइज व्यू प्वाइंट का निर्माण प्रारंभ

### व्यू प्वाइंट तक पहुंच मार्ग हेतु पाथवे सहित अन्य निर्माण कार्य भी होंगे

### निर्माण कार्यों के प्रारंभ होने से वहां जाना किया गया प्रतिबंधित



**अनूपपुर/अमरकंटक।** मैंकल पर्वत पर स्थित प्राकृतिक एवं नैसर्गिक भव्यता से परिपूर्ण पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित सोन नदी के उद्गम स्थल सोनमुड़ा मे आवश्यक सौंदरीकरण कार्य तथा क्षतिग्रस्त व्यू प्वाइंट के स्थान पर ग्लास कैंटीलीवर सनराइज व्यू प्वाइंट का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है निर्माण कार्यों को दृष्टिगत रख पुराने व्यू प्वाइंट पर निर्माण कार्यों के प्रारंभ होने से वहां जाना प्रतिबंधित किया गया है। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा 73 लाख की लागत से सोनमुड़ा स्थिति वर्तमान क्षतिग्रस्त सनराइज व्यू प्वाइंट को तोड़कर ग्लास कैंटीलीवर सनराइज व्यू प्वाइंट का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है सोनमुड़ा व्यू प्वाइंट तक पहुंच मार्ग पाथवे की क्षतिग्रस्त रेलिंग का मरम्मतीकरण एवं अनियंत्रित पानी के बहाव से हो रहे कटाव को रोकने के लिए रिटेनिंग वॉल, आरसीसी ड्रेन, गेबियन स्ट्रक्चर, बोल्डर अप्रोन का कार्य नगर परिषद अमरकंटक द्वारा 41 लाख की लागत से प्रारंभ कर दिया गया है। उक्ताशय की जानकारी नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते एवं उपयंत्री देवल सिंह ने दी है।



# मंदिर के मलबे में दबकर दो बालकों की मौत के बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

### परिक्रमा मार्ग पर रेत का भंडारण करने वाले व्यक्ति पर हुआ अपराध दर्ज

बिजुरी।


बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलीडाड में 28 दिसंबर को मंदिर के समीप खेल रहे दो बालकों की मौत मंदिर की दीवार गिर जाने से उसके मलबे की चपेट में आ से हो गई थी। इसके पश्चात बिजुरी पुलिस के द्वारा इस मामले में धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### यह है मामला

बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुलीडांड में 28 दिसंबर को शिव मंदिर के समीप खेल रहे एक ही परिवार के 4 वर्षीय मासूम विवेक तिवारी पिता विनोद तिवारी, राज तिवारी पिता दुर्गेश तिवारी 8 वर्ष की मंदिर की दीवार ढहने से उसके मलबे की चपेट में आ जाने से मौत हो गई थी। जांच में पुलिस ने पाया कि आरोपी पूरन प्रसाद तिवारी पिता रामदुलारे तिवारी उम्र 65 वर्ष निवासी गुलीडांड के द्वारा अपने घर के सामने बने पुराने मंदिर की जर्जर बाउंड्रीवाल के अंदर क्षमता से अधिक मात्रा में रेट इकट्ठा करके लापरवाही पूर्वक मृतक के परिजनों के मना करने के बाद भी रखा हुआ था। जर्जर बाउंड्री वॉल पर रेत का दबाव पड़ने से मंदिर के समीप खेल रहे दोनों मासूमों की मौत होना पाया गया। जिस पर बिजुरी पुलिस ने इस मामले में आरोपी पूरन प्रसाद तिवारी के विरुद्ध धारा 304 ए का अपराध दर्ज कर लिया है।

# गुणवत्ता, समय का ध्यान, साप्ताहिक समीक्षा जरूरी-दिलीप जायसवाल

अनूपपुर।



निर्माण कार्यों की विभागीय अधिकारी साप्ताहिक समीक्षा करें निर्माण कार्यों में गुणवत्ता व समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए उक्ताशय के निर्देश शनिवार शाम कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने दिए बैठक में मध्य प्रदेश शासन के राज्य स्तरीय कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ) रामलाल रौतेल, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, विन्ध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी सहित विभिन्न विभागों के जिला, जनपद व नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा जनहितैषी विभिन्न अधोसंरचनाओं के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी गई है जिसे समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का कार्य विभागीय अधिकारियों का है कार्यों में कहीं कोई दिक्कत आने पर समन्वय से वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाकर समस्याओं का निदान सुनिश्चित किया जाए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जायसवाल ने कहा कि जिले में जल को सहेज कर उसका सदुपयोग सुनिश्चित हो जिससे सिंचित क्षेत्र रकबे में वृद्धि की जा सके उन्होंने छोटी-छोटी नदियों और नालों मे जल संरक्षण की कार्य योजना बनाकर कार्य करने की बात कही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत कुछ नगरीय निकायों में अनुदान किस्त की राशि लंबित होने की जांच कर हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए तथा नगरीय निकाय अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए बिटुमिन डामरीकरण कार्य तथा निर्माण कार्यों के गुणवत्ता परीक्षण के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में अनूपपुर नगरीय निकाय अंतर्गत फ्लाई ओवर ब्रिज के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता में पूर्ण करने के लिए सतत मॉनिटरिंग की बात कही गई कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी देते हुए अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया उन्होंने विकास कार्यों के संबंध में हुई चर्चा के अनुरूप कार्यों के प्रगति के संबंध में आश्वस्त किया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ट शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अब तक आयोजित 88 कार्यक्रम व शिविर की जानकारी दी उन्होंने बताया कि संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में 5104, टीवी स्क्रीनिंग 6659 सिकल सेल की स्क्रीनिंग 1481 के साथ ही अन्य गतिविधि के तहत आधार सीडिंग, डीबीटी तथा केसीसी के लिए भी विशेष रूप से शिविर लगाए जा रहे हैं उन्होंने जनपद पंचायत अंतर्गत निर्माण कार्यों की भी जानकारी दी बैठक में जल संसाधन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, मध्य प्रदेश सड़क निगम, लोक निर्माण, पीआईयू, जिला शहरी विकास अभिकरण, जनजाति कार्य, समग्र शिक्षा, ऊर्जा, लोक निर्माण, सेतु निगम, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय व जनपद पंचायत के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई विभागीय अधिकारी द्वारा कार्यों के संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई।